**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–02.03.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **झारखंड विधानसभा में कल बजट पेश करेंगे वित्त मंत्री, सत्तापक्ष ने ऐतिहासिक बजट का किया दावा।**
2. **हजारीबाग में दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सहायक यंत्र शिविर आयोजित, सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से जरूरतमंदों को मिलेंगे उपकरण।**
3. **गिरिडीह जिले के मरांग बुरू बाहा पर्व को झारखंड सरकार ने दी आर्थिक सहायता, पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा– पर्व को राजकीय महोत्सव घोषित करने की प्रक्रिया जारी।**
4. **नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में चतरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 15 लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार, अमेरिकन राइफल समेत आधा दर्जन हथियार, गोलियां बरामद।**
5. **आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट में आज दुबई में भारत और न्यूजीलैंड का मैच जारी, भारत ने न्यूजीलैंड को दिया 250 रनों का लक्ष्य।**

**समाचार विस्तार से**

*******************

झारखंड विधानसभा में कल वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर वित्तीय वर्ष 2025–26 का बजट पेश करेंगे। राजद के महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि हेमंत सरकार का बजट ऐतिहासिक होगा। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि बजट संतुलित और विकास उन्मुख होगा।

*******************

हजारीबाग जिले में एपीड योजना और राष्ट्रीय व्योश्री योजना के तहत दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सहायक यंत्र पंजीकरण और परीक्षण शिविर आयोजित हुआ। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से एलिम्को कंपनी के उपकरण जरूरतमंदों को दिए जाएंगे। मौके पर सांसद ने जानकारी दी कि दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों को संबंधित प्रमाण पत्र दिखाने पर उपकरण दिए जाएंगे।

*******************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आज बोकारो में भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ के कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए इस्पात मंत्रालय और श्रम मंत्रालय से पहल करने की बात कही।

*******************

पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड में फाइलेरिया की दवा खिलाने गई मेडिकल टीम पर ग्रामीणों ने हमला किया। घटना के विरोध में सैकड़ों स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रदर्शन कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। स्वास्थ्य कर्मियों ने आरोप लगाया कि सुरक्षा को लेकर प्रशासन केवल आश्वासन दे रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो 3 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू होगी।

*******************

गिरिडीह जिले के पारसनाथ पर्वत पर आयोजित हो रहे मरांग बुरू बाहा पर्व को झारखंड सरकार ने आर्थिक सहायता दी। पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने बताया कि इस पर्व को राजकीय महोत्सव घोषित करने की प्रक्रिया जारी है।

*******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में चतरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने प्रतिबंधित टीएसपीसी संगठन के रीजनल कमांडर रहे 15 लाख के इनामी नक्सली रविन्द्र गंझू की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडे ने जानकारी दी कि उसके पास से अमेरिकन राइफल M16 समेत आधा दर्जन हथियार और हजारों राउंड गोलियां बरामद की गई हैं।

*******************

जमशेदपुर में **3 मार्च** को जमशेदजी नशेरवानजी टाटा के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर भव्य तैयारी की गयी है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

झारखंड में अधिकतम तापमान अड़तीस दशमलव नौ (38.9) डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे गर्मी बढ़ने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। अधिकतम तापमान भी दो दिनों में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक कम होने की संभावना है।

*******************

**कुछ संक्षिप्त खबरें–**

- निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि एक ही नंबर के दो मतदाता फोटो पहचान पत्र–ईपीआईसी का अर्थ यह नहीं है कि पहचान पत्र फर्जी है या मतदाता बोगस है। आयोग ने एक बयान में यह बात कही। इससे पहले मीडिया की खबरों में दो अलग–अलग राज्यों में मतदाताओं के एक ही नंबर के मतदाता फोटो पहचान पत्र का मुद्दा उठा था।
- झारखंड में प्रदेश युवा राजद सदस्यता अभियान को प्रभावी बनाने में जुटा है। युवा राजद अध्यक्ष रंजन कुमार ने कहा कि हर बूथ पर कम से कम 25 नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य है।
- साहिबगंज जिले के व्यवहार न्यायालय में मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई। प्रधान न्यायाधीश संजय कुमार उपाध्याय ने पुलिस अधिकारियों से पीड़ित परिवारों को समय पर मुआवजा दिलाने की अपील की।

*******************

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट में आज दुबई में भारत और न्यूजीलैंड का मैच जारी है। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए भारत ने 9 विकेट खो कर 249 रन बनाये हैं। न्यूज़ीलैण्ड के सामने 250 रनों का लक्ष्य है। ताजा जानकारी मिलने तक न्यूजीलैंड ने 4 ओवर में 1 विकेट खोकर 17 रन बनाए।

**************